सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 173 | इंदौर, मंगलवार 07 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पोखरण के 26 साल बाद भारत से परमाणु पाबंदी हटाएगा अमेरिका



**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों के बीच एक अच्छी खबर आई है। भारत दौरे पर आए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का कहना है कि पोखरण परीक्षण के बाद जो पाबंदियां लगी थीं, उन्हें हटाया जाएगा। अमेरिका की ओर से यह ऐलान भारत के लिए गुड न्यूज है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच परमाणु करार भी भविष्य में हो सकेंगे। मई 1998 में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण किया था, जिससे भड़के अमेरिका ने भारत की कई असैन्य परमाणु कंपनियों पर पाबंदियां लगा दी थीं, जिन्हें अब हटाया जाएगा। यह इसलिए भी अहम है क्योंकि बीते महीने ही अमेरिका ने पाकिस्तान की कई परमाणु कंपनियों पर बैन लगाया था और यह कहा था कि वह एक ऐसी मिसाइल तैयार करने में जुटा है, जो सीधे अमेरिका तक को टारगेट कर सकती है। इस पर पाकिस्तान का कहना था कि अमेरिकी दावा झूठा है और उसके खिलाफ गलत कार्रवाई की गई है। यही नहीं भारत की ओर से इशारा करते हुए पाकिस्तान ने कहा था कि यदि कोई ऐसे पड़ोसी मुल्क का सामना कर रहा है, जो तमाम हथियारों से लैस है तो फिर पाकिस्तान के साथ यह ज्यादती है। 1998 के परमाणु परीक्षण के बाद भारतीय कंपनियों पर अमेरिका की ओर से लगाए बैन के चलते आज तक दोनों देशों के बीच परमाणु करार नहीं हो सके हैं। ऐसे में अब पाबंदियां हटने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियों के बीच करार हो सकेंगे। इसके अलावा परमाणु समझौतों की दिशा में भी दोनों देशों के लिए आगे बढ़ना आसान होगा। जेक सुलिवन ने आईआईटी दिल्ली में सोमवार को यह बात कही।

## वीडी शर्मा की जगह नरोत्तम या चिटनीस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश बीजेपी के जिला अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। करीब आठ-दस जिलों में स्थानीय नेताओं के बीच चल रही रस्साकशी रोकने के लिए बैठकों और चर्चाओं का दौर चल रहा है। बीजेपी की पहली सूची में 50% से ज्यादा जिलों के अध्यक्ष घोषित हो जाएंगे। इसके फौरन बाद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा तीसरा कार्यकाल पाने के लिए प्रयासरत हैं। वहीं, जातिगत समीकरणों में ब्राह्मण वर्ग से नरोत्तम मिश्रा, राजेंद्र शुक्ल और अर्चना चिटनीस पूरी ताकत लगा रहे हैं। क्षत्रिय वर्ग की बात करें तो अरविंद भदौरिया के साथ बृजेंद्र प्रताप सिंह और सीमा सिंह जादौन सबको साधने में लगे हैं। वैश्य वर्ग से हेमंत खंडेलवाल, सिंधी समाज से भगवानदास सबनानी से लेकर दलित और आदिवासी वर्ग के नेता भी प्रदेशाध्यक्ष बनना चाहते हैं।

# सूखे तनों में बदले ट्रांसप्लांट किए पेड़

## लाखों रुपए खर्च करके भी नहीं बची हरियाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर में हरियाली बचाने और बढ़ाने के लाख दावे किए जा रहे हैं लेकिन हकीकत कुछ और ही है। पिछले कुछ साल में नगर निगम ने इंदौर में हरियाली को बचाने के लिए सैकड़ों पेड़ों का ट्रांसप्लांट किया लेकिन इनमें से अधिकांश पेड़ नगर निगम की लापरवाही से ही सूख गए। इन ट्रांसप्लांट में न सिर्फ लाखों रुपए खर्च हुए बल्कि शहर की जगह भी सही उपयोग से वंचित रही और हरियाली भी न बच पाई।**

नगर निगम ने इंदौर में सिरपुर तालाब, आर्ट्स एंड कामर्स कालेज, बीमा अस्पताल में पेड़ों को बड़ी संख्या में ट्रांसप्लांट किया है। इनमें से अधिकांश जगह के पेड़ सूख चुके हैं। मीडिया ने तीनों जगह पर जाकर जमीनी हकीकत देखी। यहां पर पिछले कुछ साल में एक हजार से अधिक पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया गया लेकिन इनमें से पांच प्रतिशत पेड़ भी जिंदा नहीं बच पाए हैं। सभी जगह सूखे हुए तने नगर निगम की लापरवाही का सबूत पेश कर रहे हैं।



लाखों रुपए बर्बाद किए

एक पेड़ को ट्रांसप्लांट करने में 50 हजार से एक लाख रुपए तक का खर्च आता है। अधिकांश पेड़ों को नगर निगम ने पिछले पांच साल के अंदर शिफ्ट किया है। इसके लिए निगम ने जनता के टैक्स के पैसों का उपयोग किया और कई तरह की तकनीकों पर काम किया। इन सबके बावजूद पूरी तरह से पेड़ों का मर जाना बड़े प्रश्न उठाता है।

### असफल ट्रांसप्लांट के कई कारण होते हैं

हमने नगर निगम के माध्यम से कई जगह पेड़ों का ट्रांसप्लांट करवाया। इसमें कई जगह अच्छे रिजल्ट भी मिले हैं। ट्रांसप्लांट के बाद अगर पेड़ पनप नहीं पाता तो इसके कई कारण हो सकते हैं। पेड़ों का ट्रांसप्लांट अलग अलग प्रजाति के हिसाब से अलग अलग होता है। यूकेलिप्टस और बबूल जैसे पेड़ पनप नहीं पाते। बरगद, नीम और अन्य दूध वाले पौधे 90 प्रतिशत से अधिक पनप जाते हैं। ट्रांसप्लांट में जड़ को कम से छेड़ना चाहिए। गहरी जड़ों वाले पेड़ भी कम पनपते हैं। पहले पेड़ों की छटाई करना चाहिए और 50 प्रतिशत नई कोपल आ जाए फिर उसे ट्रांसप्लांट करना चाहिए। जड़ को भी दो से तीन बार में काटते हैं फिर बारिश आने के पहले सही मौसम में उसे ट्रांसप्लांट करते हैं।

**- कैलाश जोशी, पूर्व उद्यान विभाग अधिकारी, नगर निगम**

# सीएम ने 66 मेडिकल मोबाइल यूनिट को किया रवाना

## मध्यप्रदेश के 21 जिलों के 87 विकासखंड में देंगी स्वास्थ्य सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** सीएम डॉ मोहन यादव ने सोमवार को पीएम जनमन योजना के तहत 21 जिलों के 87 विकासखंडों के लिए 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट से प्रदेश के दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम प्रदायगी सुनिश्चित होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि यह यूनिट मेडिकल का चलता फिरता अस्पताल हैं। हेल्थ के मामले में मप्र लगातार बढ़ रहा है। आदिवासी जिलों में अधिक फ़ोकस है, सिकिल सेल एनीमिया उन्मूलन में यह यूनिट बहुत कारगर होंगी। सीएम मोहन



ने कहा कि हर जिले में उन्नत से उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचेगी। सरकार इस क्षेत्र के लिए कटिबद्ध है। लगातार भर्तियां की जा रही हैं, नए कोर्स भी संचालित किए जा रहे हैं। हेल्थ के मामले में हमें नम्बर 1 बनना है।

### 3 लाख 12 हजार लोगों तक पहुंचेगी यूनिट

इन प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट की लागत 33 लाख 86 हजार रुपये है। इस यूनिट से अनूपपुर, अशोक नगर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, दतिया, डिंडोरी, गुना, ग्वालियर, कटनी, मंडला, मुरैना, नरसिंहपुर, सतना, शहडोल, श्योपुर, सीधी, शिवपुरी, जबलपुर, रायसेन, उमरिया और विदिशा जिले के 87 विकासखंड के 1268 गांव की लगभग 3 लाख 12 हजार से अधिक की आबादी को सुगम स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। जीपीएस से लैस इन यूनिट में सक्शन मशीन, कान जांच की आटो स्कोप, एक्स-रे मशीन, स्ट्रेक्चर, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि इक्विपमेंट होंगे।

### सभी यूनिट यह रहेगा स्टॉफ

यह मोबाइल मेडिकल यूनिट माह में 24 दिन गांवों का भ्रमण करेंगी और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगी। ये यूनिट दिन में 2 गांव तथा 50 मरीजों को देखेगी। इस यूनिट में एक-एक डॉक्टर, नर्स, एएनएम/एमपी डब्ल्यू, लैब टेक्नीशियन और फीजियोथेरेपिस्ट मरीजों को सेवाएं प्रदान करेंगे। मरीजों को 65 प्रकार की दवाइयां भी दी जाएंगी।

**जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने में नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी**

# जिला, शहर और विधानसभा स्तर पर वर्ष 2047 को दृष्टिगत रखते हुए तैयार होंगे विजन डॉक्युमेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में वर्ष 2047 को दृष्टिगत रखते हुए जिला, शहर और विधानसभा स्तर पर भी विजन डॉक्यूमेंट तैयार होंगे। यह विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने में नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकों के सुझाव लेने के लिए जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन जनसंवाद कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला आज से प्रारंभ हुआ। इस कड़ी का पहला जनसंवाद कार्यक्रम रविन्द्र नाट्य गृह में सम्पन्न हुआ।**





इस जनसंवाद कार्यक्रम में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश राठौर सहित इंदौर नगर निगम के महापौर परिषद के सदस्य, पार्षद, शहर के प्रबुद्धजन, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण और समावेशी विकास की दिशा में अग्रसर होने एवं वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ-साथ मध्य प्रदेश को भी विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित मध्यप्रदेश 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। इस विजन डॉक्यूमेंट को तैयार करने में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जन संवाद कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त हुई नागरिकों की आकांक्षाओं, विचारों और प्राथमिकताओं को विजन डॉक्यूमेंट में सम्मिलित किया जाएगा। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 तक अपना देश विकसित देशों की श्रेणी में अग्रणी रूप से शामिल हो। प्रधानमंत्री जी के इस सपने को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंदौर भी इस विकास यात्रा में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि इंदौर विकसित होगा तो प्रदेश विकसित होगा। प्रदेश विकसित होगा तो देश भी विकसित बनेगा। हम इंदौर को तेजी से विकसित इंदौर की ओर आगे लेकर जा रहे हैं। इस विकास यात्रा में सभी प्रबुद्धजनों का सहयोग और सुझाव आमंत्रित है। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न प्रबुद्धजनों अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कार्यक्रम का संचालन स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह ने किया। जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से फीडबैक संकलित कर राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। तैयार किए जा रहे विकसित मध्य प्रदेश 2047 के विजन डॉक्यूमेंट के प्रारूप को जिलों के साथ साझा किया जाएगा। इस प्रारूप के आधार पर प्रत्येक जिला मध्यप्रदेश के समग्र विजन के साथ संरेखित अपना जिला स्तरीय विजन डाक्यूमेंट तैयार कर सकेगा। यह प्रक्रिया जिलों की विशेषताओं, प्राथमिकताओं और संभावनाओं को शामिल करते हुए समग्र और समावेशी विकास सुनिश्चित करेगी।

## 51 कर्मवीरों को विवेकानंद अलंकरण अवार्ड से किया जायेगा सम्मनित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



इंदौर। पूर्व राज्यमंत्री पंडित योगेंद्र महंत के द्वारा स्वामी विवेकानंद अवार्ड एवं युवा संवाद 11 जनवरी को कीमती गार्डन में आयोजित होगा। समारोह में कर्मवीरों को अवार्ड के साथ साथ युवा संवाद भी होगा। कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं इंदौर सेवा ट्रस्ट के द्वारा गौरव अलंकरण अवार्ड समारोह एवं युवा संवाद कार्यक्रम 11 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। पंडित योगेंद्र महंत एवं प्रकाश मनावत ने बताया कि यह समारोह 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे कीमती गार्डन धार रोड पर होगा। उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले 51 कर्मवीरों को विवेकानंद अलंकरण अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। समारोह में अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे, विवेकानंद जी पर भी व्याख्यान आयोजित होगा।

## 3.11 लाख बार राम नाम लिखकर 16 वर्षीय अंजनी ने बनाई राम दरबार पेंटिंग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अंजनी पोरवाल ने अपनी मेहनत और भक्ति से तीन लाख 11 हजार बार राम नाम लिखकर राम दरबार की ऐसी पेंटिंग बनाई है, जो न सिर्फ देखने में आकर्षक है बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी प्रेरित करती है। यह कृति रणजीत हनुमान मंदिर में भेंट की गई है।**

इंदौर की 16 वर्षीय अंजनी पोरवाल ने एक ऐसी अद्भुत पेंटिंग बनाई है, जो न केवल उनकी कला के प्रति समर्पण को दर्शाती है बल्कि उनकी भक्ति और सृजनशीलता की भी मिसाल है। अंजनी ने अपनी पेंटिंग में तीन लाख 11 हजार बार राम नाम लिखा है और इससे राम दरबार की एक सुंदर छवि तैयार की है। यह पेंटिंग दूर से एक सामान्य राम दरबार की तस्वीर लगती है, लेकिन जब पास से देखी जाती है, तो इसमें हर जगह राम नाम लिखा नजर आता है। इंदौर के रेवेन्यू नगर की रहने वाली और 11वीं क्लास की छात्रा अंजनी ने इसे बनाने में पांच महीने का समय लगाया। उन्होंने इस कृति को रणजीत हनुमान मंदिर में भेंट किया है। लॉकडाउन के दौरान, जब हर कोई अपने घरों में सीमित था, अंजनी ने पेंटिंग बनाना शुरू किया। इससे पहले, उन्हें पेंटिंग में कोई खास रुचि नहीं थी, लेकिन इस दौरान उन्होंने अपनी कला को निखारने पर ध्यान दिया और खुद से पेंटिंग करना सीखा। धीरे-धीरे उनकी रुचि बढ़ी, और उन्होंने पेन आर्ट, चारकोल आर्ट और पेंसिल आर्ट जैसे विभिन्न प्रकार की पेंटिंग बनानी शुरू की। उनके घर में उनकी बनाई गई कई पेंटिंग्स सजी हैं, जिन्हें देखकर लोग सोचते हैं कि यह किसी प्रोफेशनल आर्टिस्ट की बनाई हुई हैं। राम दरबार की इस विशेष पेंटिंग को बनाने में अंजनी ने पांच महीने की कठिन मेहनत की। उन्होंने विभिन्न रंगों के पेन का उपयोग करते हुए इसे बनाया, जिसमें राम नाम का गहरा महत्व है। इस कृति को उन्होंने रणजीत हनुमान मंदिर में भेंट किया, हालांकि इसे प्रदर्शनी के लिए कुछ समय के लिए वापस लिया गया। अंजनी की कला यहीं नहीं रुकती।

## इंदौर से चलने वाली ट्रेनों का संचालन महू से होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से चलने वाली अधिकांश ट्रेनों का संचालन महू से किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इंदौर स्टेशन का रिडेवलपमेंट वर्क इस माह से शुरू होना है। इसके बाद इंदौर स्टेशन से ट्रेनों के संचालन में समस्या आएगी, जिसे देखते हुए रेलवे विभाग ने यह निर्णय लिया है कि जब तक इंदौर से चलने वाली ट्रेनों का संचालन महू से किया जाएगा।**

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नवागत मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार ने रविवार को डॉ. अंबेडकर नगर रेलवे स्टेशन का दौरा किया। डीआरएम महू में करीब दो घंटे रहे। इस दौरान उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। साथ ही प्लेटफार्म नंबर 4 के निर्माण, लिफ्ट लगाने का कार्य, पातालपानी स्टेशन बिल्डिंग निर्माण कार्य, स्टेबलिंग लाइन निर्माण शुरू करने सहित अन्य कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद डीआरएम कुमार कोचिंग डिपो यार्ड गए, जहां उन्होंने व्हील अलाइनमेंट की व्यवस्था देखी। साथ ही महू से चलने वाली डेमू ट्रेन के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान महू से पातालपानी तक यात्री ट्रेन चलाने को लेकर भी चर्चा की। बताया जा रहा है कि डीआरएम का मुख्य उद्देश्य इंदौर रेलवे स्टेशन पर आगामी दिनों में होने वाले निर्माण कार्यों के कारण महू से ट्रेनों का संचालन करने की तैयारियों का जायजा लेना था। वहीं डीआरएम ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन का मेंटेनेंस महू के कोचिंग केयर डिपो में करने को लेकर दौरा किया। संचालन महू से करने की भी बात कही गई। साथ ही नए वाशिंग पॉइंट बनाने की भी बात कही।

## विकास संबंधी संभागीय समीक्षा बैठक आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विकास संबंधी संभागीय समीक्षा बैठक 07 जनवरी मंगलवार को दोपहर 3 बजे से संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सीएम हेल्पलाइन/समाधान ऑनलाईन के आगामी बिन्दुओं पर चर्चा, CPGRAMS की शिकायतों का निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों का निराकरण, मुख्यमंत्री मॉनिट, मुख्य सचिव मॉनिट, न्यायालय के अवमानना प्रकरण, मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर, टी. बी. मुक्त भारत, मुख्यमंत्री जी के संभागीय बैठक के निर्देशों का पालन, धरती आबा की प्रगति, जनसंवाद का आयोजन और विकसित म.प्र. 2047 विजन डॉक्यूमेंट के प्रारूप की तैयारी, 70 से अधिक आयु के आयुष्मान कार्ड की प्रगति तथा पी.एम. जल जीवन मिशन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# देवी अहिल्या वेद विद्यालय परिसर में हुआ 'पक्षी निलय' कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पर्यावरण को संतुलित रखने में पक्षियों की भूमिका अहम है, लेकिन मनुष्य के अत्यधिक हस्तक्षेप के चलते इनकी संख्या कम होती जा रही है। यदि हम जल्द नहीं चेते तो स्थिति भयावह हो सकती है। कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से जहां पक्षियों की संख्या कम होती जा रही है, वहीं कुछ प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी हैं।



उक्त उदगार पर्यावरणविद स्वप्निल व्यास ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस के उपलक्ष्य मानव सेवा ट्रस्ट एवं देवी अहिल्या वेद विद्यालय परिसर में आयोजित 'पक्षी निलय' कार्यक्रम में व्यक्त किए। इसी के साथ समाज को यह संदेश भी दिया गया की पक्षियों की चहल-पहल प्रकृति का सकारात्मक संदेश है। हम कुछ उपाय कर के उन्हें सुरक्षित कर सकते हैं।

व्यास ने कहा कि पक्षियों को सबसे ज्यादा नुकसान मोबाइल टावर पहुंचाते हैं। इन्हें शहर से बाहर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईको सिस्टम का महत्वपूर्ण घटक पेड़-पौधे हैं। इनकी लगातार कटाई का असर पक्षियों व वन्य प्राणियों पर भी पड़ रहा है। पेड़ों की संख्या कम होने से पक्षियों को न तो घोंसले बनाने के लिए जगह मिल पा रही है और न ही पर्याप्त मात्रा में भोजन-पानी मिल रहा है। जिन पक्षियों को हमारे बुजुर्गों ने देखा था, आज उनकी संख्या काफी कम हो चुकी है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो आने वाली नई पीढ़ियां वर्तमान में नजर आ रहे पक्षियों को भी नहीं देख पाएंगी, इसलिए इन जीवों को बचाने के लिए हमें अपने बच्चों को ही जागरुक करना होगा। इसी भावना से मालव मंथन ने 'पक्षी निलय' प्रकल्प शुरू किया है। जहां हम कृत्रिम प्राकृतिक रूप वाले घोंसले लगा कर परिंदों को वापस शहर में बुलाने का प्रयास वर्षों से कर रहे हैं। ट्रस्ट के प्रबंधक द्वारका मालवीय ने कार्यक्रम का संचालन किया। वेद आचार्य अभिजीत पाण्डेय ने बच्चों के हाथों से परिसर के पेड़ों पर पक्षी निलय लगवाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी निकालेंगे जय बापू-जय भीम यात्रा

## 26 जनवरी को महू से होगी शुरुआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राहुल गांधी एक बार फिर संविधान को लेकर यात्रा निकालने जा रहे हैं, जिसका नाम 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान यात्रा' रखा गया है। यात्रा की शुरुआत 26 जनवरी को इंदौर के महू से होगी, जो बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी द्वारा यात्रा के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है, और राहुल गांधी के साथ अन्य बड़े कांग्रेस नेता भी इसमें शामिल होंगे। मप्र कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुसार, राहुल गांधी 26 जनवरी को दिल्ली से इंदौर आकर महू में एक बड़ी सभा को संबोधित कर सकते हैं, इसके बाद यात्रा की शुरुआत होगी। कांग्रेस ने यह तय किया है कि यात्रा के दौरान संविधान के महत्व को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाई जाएगी, और भाजपा द्वारा संविधान के अपमान को जनता के सामने रखा जाएगा। प्रदेश कांग्रेस ने यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्रियों और बड़े नेताओं को शामिल करने की योजना बनाई है। यात्रा का उद्देश्य भाजपा की नीतियों और उनके संविधान के प्रति रवैये के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना है। एमपी कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि आज से देशभर में 'जय बापू, जय भीम' अभियान की शुरुआत हो गई है, जो 26 जनवरी तक चलेगा। इसके साथ ही 26 जनवरी से 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा' भी शुरू करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि, अभी यह तय नहीं हो पाया है कि राहुल गांधी जय बापू, जय भीम अभियान की समाप्ति पर इंदौर आएंगे या फिर यात्रा की शुरुआत महू से करेंगे। सूत्रों के अनुसार, एमपी कांग्रेस ने राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए 25, 26 और 27 जनवरी में से किसी एक दिन का समय मांगा है। राहुल गांधी इस यात्रा में पैदल चल सकते हैं या यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर सकते हैं। कांग्रेस का कहना है कि इस यात्रा के जरिए पार्टी में एक नई जान फूंकने की कोशिश की जाएगी, जैसा की पहले 'भारत जोड़ो' और 'संविधान बचाओ' यात्रा के दौरान हुआ था।

### कलेक्टर श्री आशीष सिंह की नई पहल

# भिक्षावृत्ति की सूचना देने वाले हुए प्रोत्साहित

**भिक्षावृत्ति की सूचना देने वाले 6 नागरिकों को कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अपने हाथों से सौंपे एक-एक हजार रुपये के चैक**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर इंदौर भिक्षा मुक्त जिला बनाने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। यहां जहां एक ओर भिक्षा लेने और देने पर प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर भिक्षावृत्ति की सूचना देने वालों को भी एक-एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले को शीघ्र ही भिक्षावृत्ति मुक्त जिला घोषित किया जाएगा।**

इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने भिक्षावृत्ति की सूचना देने वाले नागरिकों आकाश पाराशर, आकाश नायक, तुषार गंगवानी, वशीम खान, जितेन्द्र वर्मा तथा अंकित मालवीय को एक-एक हजार रुपये की सम्मान निधि प्रदान की। इंदौर में एक नई पहल के तहत भिक्षावृत्ति की सूचना देने वालों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के संदर्भ में नागरिकों में उत्साह भी है। सूचना देने के लिए जारी मोबाइल नम्बर पर 200 नागरिकों ने सूचनाएं प्रदान की। इसमें से 12 सूचनाएं सत्यापित हुई। इन सभी को एक-एक हजार रुपये मिलेंगे। इसमें से आज छः नागरिकों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गए हैं। आदेशानुसार जिले में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कुछ भी देना या उनसे किसी भी प्रकार के सामान को खरीदना भी प्रतिबंधित किया गया है। जो व्यक्ति भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कोई भी सामान/वस्तु प्रदान करता है या देता है या इनसे कोई सामान खरीदता हैं तो उसके विरूद्ध भी इस आदेश के उल्लंघन पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा तथा इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/संस्था/आयोजक के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश 02 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने शहर को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायता से एक नई पहल शुरू की है। जिसके तहत शहर में भिक्षावृत्ति की सूचना देने वाले 6 सूचनादाताओं को कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने एक-एक हजार रुपये की सम्मान निधि प्रदान की। शहर में कहीं कोई व्यक्ति भिक्षावृत्ति करते पाया जाता है, भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्ति की सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री दिनेश मिश्रा के (मोबाईल नंबर- 9691494951) पर दे सकते है। सूचना सत्यापन के दौरान जानकारी सही पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति को एक हजार रुपये की राशि प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी।

### इंदौर जिले में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को 26 जनवरी को किया जाएगा पुरस्कृत

# जनकल्याण, राजस्व और भिक्षावृत्ति अभियान के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी भी होंगे पुरस्कृत

## ◆ कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। जनकल्याण, राजस्व और भिक्षावृत्ति अभियान के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी भी पुरस्कृत किये जाएंगे। जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आगामी 26 जनवरी तक आवेदकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए है कि इस अभियान के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित करें। हर एक पात्र नागरिक को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाने के प्रयास भी किया जाए।



कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टी.एल.) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी.अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्री रोशन राय, श्री राजेन्द्र रघुवंशी तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने समय-सीमा के पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में निराकरण में अधिकारी अपने-अपने विभागों की रैंकिंग में सुधार किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 50 दिन से अधिक की लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को अनिवार्य रूप से देखें तथा प्राप्त आवेदनों को संतुष्टि के साथ सकारात्मक तरीके से निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने इंदौर जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये चल रहे विशेष अभियान को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में तेजी लाने के लिये आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की सेवाएं सक्रिय रूप से ली जाना सुनिश्चित किया जाए। वे घर-घर जाकर पात्र वरिष्ठ नागरिकों को चिह्नित करेंगी। अभियान में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को इसके लिये विशेष प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

# रोजगार मेले के माध्यम से मिली 125 युवाओं को नौकरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राज्य शासन और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बेरोजगार आवेदकों को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई और जिला उद्योग केंद्र इंदौर के सामूहिक प्रयास से आज रोजगार मेला (युवा संगम) कार्यक्रम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नंदा नगर में आयोजित किया गया। इस मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में 125 युवाओं को नौकरी दिलाई गई। इस युवा संगम कार्यक्रम में 379 युवाओं ने भाग लिया। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि मेले में 21 कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इन्होंने साक्षात्कार लेकर 125 (39 आवेदिका 86 आवेदक) युवाओं का प्रारंभिक रूप से चयन किया। यह चयन एचआर, सेल्स एक्जिक्यिटीव, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बैक ऑफिस, ट्रेनी, वाहन चालक, फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्युटर ऑपरेटर, टर्नर, ऑपरेटर आदि पदों के लिए किया गया।

# सिंगरौली के सेप्टिक टैंक में मिली थीं 4 लाशें अब पुलिस ने कर दिया खुलासा, 6 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली। बीते दिनों मध्य प्रदेश के सिंगरौली में चार लाशें एक साथ मिली थीं। ये चारों लाशें सिंगरौली के एक सेप्टिक टैंक में मिली थीं। एमपी पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने साथ मिलकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस 6 लोगों को गिरफ्तारी किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक नाबालिग है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में सभी आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।**

रीवा जोन के डीआईजी साकेत प्रसाद पांडेय ने इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 4 जनवरी को सिंगरौली जिले बरगवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में एक मकान के पीछे बने सेप्टिक टैंक से चार लोगों के शव मिले थे। इनकी पहचान सुरेश प्रजापति, करण साहू, राकेश सिंह और जोगेंदर महतो के रूप में हुई थी। यह मकान मृतक सुरेश प्रजापति का ही है, जो आदतन अपराधी था। चारों मृतक जयंत इलाके के रहने वाले थे। चारों आपस में दोस्त थे और न्यू ईयर की पार्टी मनाने सुरेश के मकान पर आए थे। पार्टी के अगले दिन सभी की लाश सुरेश के घर के बाहर बने सेप्टिक टैंक में मिली थी।




पुलिस इस मामले के आरोपियों तक पहुंचने में लगी थी। आरोपियों को पकड़ने और मामले की जांच के लिए पुलिस ने एसआईटी का भी गठन किया था। पुलिस द्वारा कई टीमें गठित कर घटना स्थल का डॉग स्क्वायड, एफएसएल के साथ ही फिंगर प्रिंट के विशेषज्ञों के माध्यम से बारीकी से निरीक्षण करवाया गया। मौके से सबूत इकट्ठा कराए गए। पुलिस ने चार अलग-अलग पुलिस टीम गठित करके आये साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। इसके बाद पुलिस को जल्द ही इस मामले में सफलता हाथ लगी। पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई।

सोमवार को इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए रीवा जोन के डीआईजी साकेत प्रसाद पांडेय ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। आरोपी राजा रावत की मृतक जोगेन्दर महतो से पुरानी दुश्मनी थी। इसी वजह से इस घटना को उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस को पोस्टार्टम के दौरान इस बात की जानकारी लगी कि मृतकों पर गोली चलाई गई थी। तीन मृतकों की हत्या गोली लगने से हुई थी, वहीं एक मृतक की हत्या गला दबाने और सिर में घातक हथियार से हमला करने से हुई थी।

मुख्य आरोपी राजा रावत की मृतकों के साथ दोस्ती रहते हुए भी पुराना विवाद था। मकान, जमीन और घर बनाने को लेकर इनका आपसी विवाद था। इसी के चलते राजा रावत ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस घटनाक्रम को अंजाम दिया।

## पत्नी की हत्या कर रात में ही शव जलाया

### चंबल में अस्थियां बहाकर थाने में लिखवाई गुमशुदगी की FIR



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक शख्स ने पहले अपनी पत्नी की हत्या कर दी और फिर पिता की मदद से शव को गांव ले जाकर जला दिया. उसके बाद ग्वालियर वापस लौटकर पति ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई. पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है.

दरअसल थाटीपुर इलाके में रहने वाले दीनू टैगोर ने 31 दिसंबर की रात को घर के ही नजदीक अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी. दीनू ने पत्नी चंचल को पहले धक्का देकर गिरा दिया और इसके बाद उसका गला दबा दिया. दीनू ने अपने पिता को फोन लगाया और पूरे मामले की जानकारी दी. पिता जरदान मुरैना से एंबुलेंस लेकर ग्वालियर पहुंचे. यहां रात में ही चंचल के शव को एंबुलेंस में रखकर उसका पति दीनू और ससुर जरदान गांव लेकर वापस पहुंच गए. यहां रात में ही चंचल के शव का अंतिम संस्कार करके और उसकी अस्थियों को चंबल नदी में बहा दिया.

एक जनवरी को दीनू थाटीपुर थाने पहुंचा और उसने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी पत्नी उससे झगड़ा करने के बाद कहीं चली गई है, लेकिन चंचल के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसकी हत्या कर दी गई है. पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पूरे मामले का खुलासा हो गया. एडिशनल एसपी निरंजन शर्मा ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है.

## ग्वालियर में आरजी कर मेडिकल कॉलेज जैसा कांड

### बॉयज हॉस्टल में जूनियर महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। जिले में एक महिला डॉक्टर से रेप का मामला सामने आया है। घटना मेडिकल कॉलेज के बॉयज हास्टल की है। जहां बीते रोज दोपहर को जूनियर डॉक्टर के साथ उसके ही साथी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता जूनियर महिला डॉक्टर ने कंपू थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है।**

ग्वालियर के एक मेडिकल कॉलेज में MBBS की फाइनल ईयर की छात्रा अपना बैक पेपर देने के लिए रविवार को एक गर्ल्स हॉस्टल पहुंची थी। परीक्षा के बाद दोपहर लगभग 2 बजे छात्रा को उसका सहपाठी जूनियर डॉक्टर संजय कुमार इवाने मिला था। उसने किसी बहाने से छात्रा को पुराने सीनियर बॉयज हॉस्टल में अपने रूम में ले गया। यहां उसने महिला जूनियर डॉक्टर को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि आरोपी जूनियर डॉक्टर संजय कुमार इवाने बैतूल जिले का रहने वाला है। वर्तमान में वह पुराने सीनियर बॉयज हॉस्टल में रह रहा था। हैरानी की बात तो यह है कि जो हॉस्टल लगभग 1 साल से बंद है उसमें वह कैसे रह रहा है। जब इस बारे में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। घटना के बाद पीड़िता ने कंपू थाने में आपबीती सुनाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सहपाठी संजय कुमार इवाने के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है।

## झोपड़ी पर ट्रैक्टर चलाई, फसल उजाड़ा और मुंह पर किया पेशाब!



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** मध्य प्रदेश में एक दलित परिवार के साथ दबंगई करने का मामला सामने आया है। परिवार का आरोप है कि दबंगों ने उनकी झोपड़ी पर ट्रैक्टर चला दिया और गेहूं की फसल भी नष्ट कर दी। उन्होंने मुंह पर पेशाब करने और करंट लगाकर जान से मारने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है। गुना जिले के सिरसी थाना क्षेत्र के करीली गांव में दबंगों ने एक सहरिया परिवार (आदिवासी दलित) पर कहर ढा दिया। दो ट्रैक्टरों से पहुंचे 15-20 लोगों ने उनकी झोपड़ी पर ट्रैक्टर चढ़ा दिए। अचानक हुए हमले से परिवार सिहर उठा। उसके बाद दबंगों ने उन्हें बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की।

## ट्रक-बोलेरो में आमने-सामने की टक्कर, 4 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर में एक ट्रक और बोलेरो कार में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में बोलेरो में सवार 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।**

हादसा सोमवार को शाहगढ़ थाना क्षेत्र में चूना फैक्ट्री के पास हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही शाहगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची



और रेस्क्यू शुरू किया। घायलों को शाहगढ़ अस्पताल भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। एक युवक का शव कार में ही फंस गया। जिसे जेसीबी की मदद से बाहर निकाला जा सका। इधर, हादसे के बाद रोड पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को भी जेसीबी की मदद से सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात शुरू हो सका। शाहगढ़ पुलिस ने कहा कि मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## 2-3 रुपये KG बिक रहे टमाटर-गोभी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी।** नए वर्ष में ठंड का असर बढ़ने से साग-सब्जियों के भावों में कमी आने लगी है। कुछ माह पूर्व तक अपने रंग अनुरुप सुर्ख भावों को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाला टमाटर अब बेभाव हो चुका है। हालत यह है कि स्थानीय सब्जी मंडी में भाव नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में लागत व परिवहन का खर्च भी नहीं निकलने पर किसान अपनी फसल मवेशियों को खिलाने को मजबूर हो रहे हैं। क्षेत्र के किसान टमाटर के साथ ही फूल गोभी के भी भाव नहीं मिलने पर मवेशियों को खिला रहे हैं। सेगांव के किसान राधेश्याम गेहलोत ने बताया कि खेत में टमाटर लगाए थे। उत्पादन भी अच्छा निकल रहा है, लेकिन मंडियों में भाव नहीं मिलने से लागत निकालना तो दूर, मंडी तक उपज ले जाने का परिवहन महंगा पड़ने लगा है। ऐसे में खेत से निकली फसल को मवेशियों को खिलाने को मजबूर हो रहे हैं।

## शिकायत करने वाली महिला ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास।** दिसंबर के अंतिम दिनों में जिले के सतवास थाने में एक युवक की संदिग्ध मौत के बाद जिले से लेकर राजधानी और दिल्ली तक हंगामा मच गया था। पुलिस ने विवेचक कक्ष में फांसी लगाने की बात कही थी वहीं स्वजनों ने पुलिस पर हत्या तक के आरोप लगाए थे। घटना में दो दिनों तक जमकर बवाल हुआ था। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है जिस महिला के शिकायती आवेदन पर युवक मुकेश लोंगरे को बयान के लिए थाने लाया गया था उस महिला ने सतवास में अपने मकान में फांसी लगाकर सोमवार को आत्महत्या कर ली।सतवास थाने के एसआई गौरव नगावत के अनुसार महिला रुखसाना की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

## संपादकीय

# HMPV वायरस का भारत पर असर होगा...

चीन में खतरा बन चुके एचएमपीवी वायरस की भारत में एंट्री हो चुकी है। देश में में सोमवार को ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) संक्रमण के सात मामले सामने आए। इनमें से बेंगलुरु, नागपुर और तमिलनाडु में दो-दो और अहमदाबाद में एक मामला है। हालांकि, केंद्र सरकार का कहना है कि इस वायरस से अभी किसी तरह के खतरे की बात नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने चिंताओं को दूर करते हुए कहा कि मामलों में वृद्धि से कोविड जैसा प्रकोप नहीं होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यह वायरस कितना खतरनाक है। क्या भारत में इसका व्यापक असर होगा। भारत में मामले सामने आने के बाद इसके प्रसार से लेकर लक्षणों तक पर चर्चा हो रही है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस या एचएमपीवी की खोज 2000 में हुई थी। उस समय डच वैज्ञानिकों के एक समूह ने मनुष्यों में तीव्र श्वसन संक्रमण के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया था। उन्हें एक अज्ञात पैथोजन मिला था। 2001 तक, डच वैज्ञानिकों ने स्पेशल कल्चर और आणविक तकनीकों के एक जटिल मिश्रण का उपयोग करके मेटान्यूमोवायरस की सिक्वेंसिंग की थी। हालांकि, बाद में, 28 बच्चों के सीरोलॉजिकल स्टडी (ब्लड सीरम का एनालिसिस) से कुछ और दिलचस्प बातें सामने आईं। यह वायरस 1958 से नीदरलैंड में प्रचलन में था। इससे पहले भी इसकी संख्या में वृद्धि हुई थी। वास्तव में, 2023 के पहले महीनों में, अमेरिका ने एचएमपीवी का पता लगाने में तेजी दर्ज की। पुणे के बीजे मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. राजेश कार्यकर्ते ने कहा कि हमारे शरीर ने समय के साथ वायरस की मौजूदगी के हिसाब से खुद को ढाल लिया है। अधिकतर मामलों में, सभी वायरस के संक्रमण लक्षणहीन या हल्के होते हैं, लेकिन कुछ व्यक्तियों के लिए वे गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति पैदा कर सकते हैं। यह कोविड-19 के लिए सही था, और यह HMPV के लिए भी सही है। लेकिन कोविड-19 के विपरीत, HMPV लंबे समय से मौजूद है। साथ ही इस बात का कोई सबूत नहीं है कि यह भारत में पहले की तुलना में अधिक तेजी से फैल रहा है। सीनियर एक्सपर्ट डॉ. जीसी खिलनानी ने भी कहा कि यह वायरस कमजोर इम्युनिटी वाले व्यक्तियों और बुजुर्गों के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा करता है। खिलनानी ग्लोबल एयर पॉल्यूशन और हेल्थ पर डब्ल्यूएचओ तकनीकी सलाहकार समूह के सदस्य हैं। मैक्स हेल्थकेयर के डॉ. संदीप बुद्धिराजा ने बताया कि डायबिटीज, हार्ट की बीमारी या किडनी फेलियर से जूझ रहे रोगियों को एचएमपीवी से विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए। HMPV श्वसन बूंदों के माध्यम से मनुष्यों में फैलता है। माना जाता है कि इसका हीटिंग पीरियड 3 से 5 दिनों के बीच होता है, लेकिन यह अलग-अलग हो सकता है। यूएस सीडीसी के अनुसार, वर्तमान में HMPV के इलाज के लिए कोई विशिष्ट एंटीवायरल थेरेपी नहीं है।

### Quote...

"Keep smiling, because life is a beautiful thing and there's so much to smile about.

-Marilyn Monroe"

isha



वास्तव में, केवल इसी क्षण का अस्तित्व है। यदि आप जानते हैं कि इस क्षण को कैसे संभाला जाए फिर आप अनंत काल को संभालना जानते हैं।

– जग्गी वासुदेव

### Health is Welth

# कस्तूरी हल्दी से इस तरह बनाएं फेस पैक, बढ़ जाएगी चेहरे की रौनक





महिलाएं अपने बालों को लंबा, घना और खूबसूरत बनाने के साथ ही स्किन का भी खास ख्याल रखती हैं। साफ-चमकती स्किन पाने के लिए वह तरह-तरह घरेलू नुस्खों को अजमाती हैं। अगर आप भी चेहरे पर तरह-तरह के घरेलू उपचार करना पसंद करती हैं तो आपको कस्तूरी हल्दी का इस्तेमाल भी करना चाहिए। कस्तूरी हल्दी स्किन के लिए काफी अच्छी होती है और इससे चेहरे को आसानी से चमकाया जा सकता है। यहां देखिए कस्तूरी हल्दी से कैसे बनाएं फेस पैक-

### 1) कस्तूरी हल्दी और दही से कैसे बनाएं फेस पैक

इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको चाहिए एक चम्मच कस्तूरी हल्दी पाउडर, आधा चम्मच दही, एक चम्मच शहद। इसका पेस्ट बनाने के लिए सभी चीजों को एक साथ मिलाएं और फिर इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। फेस पैक लगाने के बाद 15 मिनट तक इंतजार करें और फिर धो लें। धोने के बाद चेहरे पर मॉइस्चराइजर लगाएं। इस फेक पैक का इस्तेमाल हफ्ते में दो बार किया जा सकता है।

### 2) कस्तूरी हल्दी और कच्चे दूध से कैसे बनाएं फेस पैक

इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको चाहिए एक चम्मच कस्तूरी हल्दी, एक चम्मच कच्चा दूध, एक चम्मच नारियल तेल। इसका स्मूद पेस्ट बनाने के लिए सभी चीजों को एक-एक कर मिलाएं और फिर इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट पैक को धो लें। धोने के बाद मॉइस्चराइजर या फेस सीरम लगाएं। अगर आपकी ड्राई स्किन है तो इस फेस पैक को लगाने के बाद स्किन मॉइश्चराइज होगी। आप हफ्ते में दो या तीन बार इस पैक को लगा सकते हैं।

### 3) ग्लोइंग स्किन के लिए कस्तूरी हल्दी से कैसे बनाएं फेस पैक

ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आपको चाहिए एक चम्मच कस्तूरी हल्दी पाउडर, एक चम्मच चंदन पाउडर, ताजा टमाटर का रस। पेस्ट बनाने के लिए सभी चीजों को एक साथ मिला दें। फिर इसे अपने चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट के लिए लगाएं। सूखने के बाद धो लें और मॉइस्चराइजर लगाएं। हफ्ते में दो या तीन बार इस पैक को लगाने से फर्क दिखेगा।

New Delhi

# सावधान! बारिश ने और बिगाड़ा हाल, यूपी-दिल्ली समेत कई इलाकों में प्रचंड ठंड, आज का मौसम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश से ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ गया है। साथ ही, सर्द हवाओं ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी है। मौसम विभाग ने मंगलवार को दिल्ली का आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। सुबह के समय उत्तर-पश्चिम दिशा से 6 किलोमीटर प्रति घंटे से कम गति से हवाएं चलीं। विभाग ने बताया कि अधिकतर स्थानों पर धुंध और मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है। सुबह के समय कुछ जगहों पर घना कोहरा देखा गया। वहीं, हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों और ऊंची पहाड़ियों में कुछ स्थानों पर बारिश और




बर्फबारी हुई, जिससे पारा 4 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। इसी तरह पंजाब और हरियाणा में भी ठिठुरन है और दोनों राज्यों में कुछ स्थानों पर सुबह के समय कोहरा छाया हुआ है।

कश्मीर में हुई ताजा बर्फबारी के बाद रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी हुई, लेकिन पारा अब भी हिमांक बिंदु से नीचे है। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 2.5 डिग्री से दो डिग्री अधिक है। उत्तरी कश्मीर में स्कीइंग गतिविधियों के लिए मशहूर पर्यटन स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार

Maharashtra

## बेंगलुरु और गुजरात के बाद महाराष्ट्र में HMPV वायरस की एंट्री, देश में अब तक कुल 7 मामले



**नागपुर, (एजेंसी)** बेंगलुरु और गुजरात में HMPV वायरस के मामले रिपोर्ट किए जाने के बाद अब महाराष्ट्र में भी इसकी एंट्री हो गई है. सूबे के नागपुर में दो बच्चों की HMPV टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. शहर के रामदासपेठ स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में दो बच्चों को खांसी और बुखार के चलते इलाज के लिए हॉस्पिटल लाया था. नागपुर में 3 जनवरी को निजी अस्पताल में 7 साल के बच्चे और 14 साल की बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. इन दोनों बच्चों को खांसी और बुखार था. अब देश भर में HMPV के कुल सात मामले हो चुके हैं.

महाराष्ट्र सरकार की स्वास्थ्य विभाग टीम वायरस को लेकर अलर्ट मोड पर है. खांसी, बुखार और सारी नाम की बिमारी के मरीजों को विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है. सरकार ने लोगो से अपील की है कि वो घबराए नहीं. स्वास्थ विभाग की तरफ से इस वायरस के संबंध में जल्द ही गाईडलाइंस जारी की जाने वाली है.

HMPV वायरस को पहली बार 2001 में नीदरलैंड में पहचाना गया था. यह वायरस मौसमी होता है, आमतौर पर सर्दी और गर्मी के शुरुआती दिनों में ज्यादा प्रभावी होता है, और इसके लक्षण फ्लू और आरएसवी से मिलते-जुलते हैं. 03 जनवरी को, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने बयान जारी कर चीन में एचएमपीवी वायरस की रिपोर्ट पर चिंता न करने की सलाह दी है.

New Delhi

## आज होगा दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान, दोपहर 2 बजे चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का आज ऐलान होना है. चुनाव आयोग दोपहर दो बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तारीखों का ऐलान करेगा. दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए फरवरी महीने में चुनाव हो सकता है. कहा जा रहा है कि चुनाव एक चरण में हो सकता है. इस बार भी दिल्ली में आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा. इससे पहले सोमवार को चुनाव आयोग ने फाइनल वोटर लिस्ट जारी की थी. दिल्ली में इस बार कुल 1 करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 वोटर हैं. चुनाव आयोग के मुताबिक, दिल्ली के चुनाव में इस बार कुल 1.55 करोड़ से ज्यादा वोटर्स होंगे. इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 83,49,645 जबकि महिला वोटर्स की संख्या 71,73,952 है. वहीं, थर्ड जेंडर की संख्या 1,261 है. बता दें कि चुनाव आयोग ने दिल्ली के वोटर्स की अंतिम सूची उस विवाद के बीच जारी की है, जिसमें वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम हटाने के आरोप लगाए जा रहे थे.

Bihar

## पटना में पुलिस एनकाउंटर में दो डकैत ढेर, मुठभेड़ में दारोगा को भी गोली लगी

**पटना, (एजेंसी) बिहार के पटना जिले में पुलिस ने दो डकैतों को एनकाउंटर में मार गिराया है। मंगलवार अहले सुबह हुई मुठभेड़ में दो एनकाउंटर की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने एक डकैत को गिरफ्तार भी किया। मुठभेड़ के दौरान गौरीचक थाने के दारोगा विवेक कुमार को गोली लगी है। उन्हें इलाज के लिए पटना एम्स में भर्ती कराया गया है। यह मुठभेड़ अहले सुबह करीब 3.30 बजे फुलवारीशरीफ इलाके में हुई।**

पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि डकैती करने आए अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कारवाई में दो डकैतों को गोली लगी, उन्हें इलाज के लिए पीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दरअसल, बिहार पुलिस बैंक डकैती और लूटपाट जैसी वारदातों पर अंकुश लगाने में जुटी हुई है। इसके लिए स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने 17 बैंक डकैतों को अपनी रडार पर लिया था। उनकी लगातार तलाश की जा रही है। पिछले महीने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी मिली थी। बताया जा रहा है कि इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है।

खेल

# ऑस्ट्रेलिया से हारकर भारत को मिली सजा आईसीसी रैंकिंग में दूसरा पायदान भी छिना

**दुबई, (एजेंसी) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में संपन्न पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया को 1-3 से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी. इस वजह से भारतीय टीम आईसीसी की ताजा टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गई है है.**

2019-21 और 2021-23 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाली भारतीय टीम के 109 रेटिंग अंक हैं. 2023 डब्ल्यूटीसी विजेता ऑस्ट्रेलिया 126 रेटिंग अंकों के साथ टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर है और उसके बाद साउथ अफ्रीका है, जिसने हाल ही में घरेलू मैदान पर संपन्न दो मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान का सफाया कर दिया. अफ्रीका का डब्ल्यूटीसी 2023-25 प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर रहना तय है, उसके 112 रेटिंग अंक हैं.

साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान




के खिलाफ सीरीज की शुरुआत दुनिया की तीसरे नंबर की टेस्ट टीम के रूप में की थी, लेकिन दो मैचों में दो जीत के साथ टेम्बा बावुमा की टीम भारत से आगे निकल गई है. भारतीय टीम पहली बार तीन सीजन में में पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में विफल रहा.

भारतीय टीम ने नवंबर 2024 में ऑप्टस स्टेडियम में पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम पर 295 रनों की बड़ी जीत के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 2024-25 संस्करण की शुरुआत की. लेकिन रोहित शर्मा की टीम उस जीत को आगे बढ़ाने में नाकाम रही और अगले चार मैचों में से तीन हार गई.

जून 2023 में ओवल में खेले गए WTC 2023 के फाइनल में भारत को 209 रनों से हराने वाली ऑस्ट्रेलिया ने 6-8 दिसंबर 2024 को एडिलेड ओवल में गुलाबी गेंद से खेले गए दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से जीत दर्ज की और फिर मेलबर्न और सिडनी में क्रमशः 184 रनों और 6 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की थी. एडिलेड और मेलबर्न टेस्ट के बीच ब्रिस्बेन में खेला गया तीसरा मैच बारिश के कारण ड्रॉ रहा था.

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारत पर 10 वर्षों में पहली टेस्ट सीरीज जीत ने ना केवल ऑस्ट्रेलिया को नंबर 1 टेस्ट रैंकिंग बनाए रखने में मदद की, बल्कि इससे बैगी ग्रीन्स को लगातार दूसरे सीजन के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में भी मदद मिली.

11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में होने वाले WTC 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना साउथ अफ्रीका से होगा. अगर ऑस्ट्रेलिया इस एकमात्र मैच में साउथ अफ्रीका को हराने में सफल हो जाता है, तो वह इतिहास में अपने WTC खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बन जाएगी.

सिनेमा

## 'कौरवों के खिलाफ युद्ध की घोषणा की है', इमरजेंसी का सेकंड ट्रेलर रिलीज, दमदार लगीं कंगना रनौत




बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत की मच-अवेटेड फिल्म 'इमरजेंसी' का सेकंड ट्रेलर रिलीज हो गया है. फिल्म 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. 1975 में लगी इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने के मौके पर कंगना ने अपनी पॉलिटिकल ड्रामा में इतिहास के उस विवादित पहलू को दिखाया है, जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई थी. फिल्म के सेकंड ट्रेलर में इमरजेंसी लगाने के बाद देश में मची उथल-पुथल को दिखाया गया है. इंदिरा गांधी के रोल में दिखीं कंगना पर चौतरफा हमले होते हैं. एक सीन में अकेले इमरजेंसी का फैसला लेने पर जब राष्ट्रपति उनसे सवाल करते हैं तब वो कहती हैं- मैं ही कैबिनेट हूं. कहानी में आगे दिखाया गया है कैसे देश में युद्ध का ऐलान होता है. इंदिरा गांधी के खिलाफ 'सिंहासन खाली करो' की मांग चारों ओर उठती है. फिल्म में अनुपम खेर (जयप्रकाश नारायण), श्रेयस तलपड़े (अटल बिहारी वाजपेयी) और मिलिंद सोमन (फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ) के रोल में नजर आएंगे. ट्रेलर देखने के बाद यूजर्स कंगना रनौत से खासे इंप्रेसिव हैं. एक्ट्रेस को शेरनी का टैग दिया है. लोगों का कहना है इंदिरा गांधी के रोल में कंगना दमदार लगी हैं.

## Highlights

1. **Congress stages protest in Mangaluru against Amit Shah's remarks**
2. **What prevention steps has the govt listed to stop transmission of HMPV?**
3. **Uttarakhand CM Pushkar Singh Dhami meets Union Sports Minister**
4. **Video shows snow leopards playing in snow in Ladakh, IAS officer calls it 'wild joy'**
5. **Man held for attempting to smuggle phones, cigarettes into prison**

# DGGI can now send takedown orders against online money gaming apps evading GST

**NEW DEIHI, (Agency).** An officer from the Directorate General of GST Intelligence (DGGI) headquarters can now send takedown notices to intermediaries to block online money gaming apps and websites that evade Goods and Services Tax (GST) under Section 79(3)(b) of the Information Technology Act, the government said in a notification on Monday.

The department of revenue has appointed an additional or joint director (intelligence) at the DGGI headquarters as the nodal officer for this purpose.



"In pursuance of clause (b) of sub-section (3) of section 79 of the Information Technology Act, 2000 (21 of 2000) read with clause (d) of sub-rule (1) of rule 3 of the Information Technology (Guidelines for Intermediaries and Digital Media Ethics Code) Rules, 2021, the Central Government hereby designates the Additional/ Joint Director (Intelligence) of Directorate General of GST Intelligence Headquarters (DGGI-Hq), Central Board of Indirect Taxes and Customs in Department of Revenue, Ministry of Finance, as the nodal officer for the purposes of the said rules in respect to section 14A(3) of Integrated Goods and Services Tax Act, 2017 (13 of 2017)," the notification read.

Section 14A of the Integrated Goods and Services Tax Act requires offshore online money gaming companies that offer their services in India to pay GST by registering under the Simplified Registration Scheme of the IGST Act and appointing a person within India to pay such taxes. Under section 14A(3), failure to comply with these provisions could result in these websites and apps getting blocked under Section 69A of the Information Technology Act, for which the blocking order needs to be routed through the IT ministry.

Now, however, the DGGI can directly send takedown notices.

For the purpose of GST, 'online money gaming' refers to any game where players deposit money with the expectation of winning. It includes both games of skill and chance, and both permissible and illegal games.

# Sony and Honda's new Afeela electric car to start at $89,900, but only for buyers in California

**NEW DEIHI, (Agency).** Sony and Honda have teamed up to build a new electric vehicle (EV) called the 'Afeela,' opening it for pre-orders at the Consumer Electronics Show (CES) in Las Vegas on January 7, 2025.

The car, which has been in development for the last five years, will will initially go on sale only in California, according to a report by The Verge.



The Afeela will come in two trims; The Afeela 1 Origin, costing $89,900 and the Afeela 1 Signature, costing $102,900, revealed Sony Honda Mobility, the company formed as a result of the joint venture.

Both of these trim levels will also include a complimentary three-year subscription to a variety of in-car features, which includes the company's Level 2+ driver assist as well as an AI-powered personal assistant.

It gets up to 300 miles of EPA-estimated range, as well as built-in support for Tesla's Supercharger network.

# धर्मांतरण के लिए 6 लाख रुपए और नौकरी

◆ हिंदू जागरण मंच ने किया पर्दाफाश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में धर्मांतरण का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हिंदू जागरण मंच के सदस्यों ने रात के समय एक दंपति को रंगे हाथों पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। यह मामला मजदूर परिवार की महिला गौरीबाई की शिकायत पर दर्ज किया गया, जिसमें उसने आरोप लगाया कि दंपति उसे और उसके परिवार को ईसाई धर्म अपनाने के लिए रुपए और नौकरी का लालच दे रहे थे। हिंदू जागरण मंच के संयोजक राजकुमार टेटवाल और मानसिंह राजावत को स्कीम नंबर 136 में धर्मांतरण गतिविधि की सूचना मिली थी। वहां पहुंचने पर उन्होंने मजदूर परिवार से बात की और जॉनी नामक व्यक्ति और उसकी पत्नी शैली को पकड़ लिया। मानसिंह राजावत ने बताया कि दंपति को पुलिस को सौंप दिया है।

जॉनी और शैली ने पूछताछ के दौरान खुद को केरल का निवासी बताया और यह स्वीकार किया कि वे धर्मांतरण का काम करते हैं। हिंदू जागरण मंच के संयोजक राजकुमार ने बताया कि दंपति ने मजदूर परिवार को 6 लाख रुपए और नौकरी का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया था। गौरीबाई, जो मूल रूप से जोबट, अलीराजपुर की निवासी है, ने पुलिस को बताया कि वह इंदौर में काम की तलाश में आई थी। जॉनी और शैली स्कीम नंबर 136 में किराये के मकान में रहते थे और एक साल पहले उनसे संपर्क किया था। दोनों ने धर्म ग्रंथों और धार्मिक पुस्तकों के माध्यम से बातचीत शुरू की और ईसाई धर्म अपनाने पर आर्थिक स्थिति सुधारने और अच्छी नौकरी का वादा किया। सोमवार शाम को जॉनी और शैली उनके घर आए और प्रवचन देने के साथ उनके बेटे और बेटी को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने लगे। उन्होंने धार्मिक पुस्तकों और मंत्रों का जाप करवाया। जब इस घटना की जानकारी अन्य लोगों को हुई, तो उन्होंने दंपति को रोका और हिंदू जागरण मंच को सूचना दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर जॉनी पुत्र जॉर्ज और उसकी पत्नी शैली के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## दवा व्यापारी की कार में तोड़फोड़...

**पुलिस को पूर्व नौकर पर शंका, अज्ञात पर केस दर्ज**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर के तुकोगंज इलाके में एक कार में तोड़फोड़ करने का वीडियो सामने आया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज किया है।**

वीडियो एमजी रोड़ इलाके के अपोलो टॉवर का बताया जा रहा है। सोमवार दरमियानी रात यहां पार्किग में खड़ी एक काले रंग की कार में तोड़फोड़ की गई।



वीडियो में काले रंग के कपड़े पहना नकाबपोश युवक दौड़ आता है और वहां खड़ी कार में लोहे की रॉड से तोड़फोड़ करता दिखाई देता है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है।

टीआई जितेन्द्र यादव का कहना है कि, मामले में व्यापारी ने कार में तोड़फोड़ का प्रकरण दर्ज कराया है। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। वारदात को अंजाम देने वाले नकाबपोश बदमाश की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक कार दवा व्यापारी आशीष की है। जिसके यहां पूर्व नौकर जितेंद्र मीणा दो दिन पहले लाखों के जेवर लेकर फरार हुआ था। पुलिस को भी जितेंद्र पर शंका है।

## पड़ोसी युवक ने घर छोड़ने के बहाने मेट्रो स्टेशन के पास ले जाकर की जबरदस्ती

**इंदौर।** छत्रीपुरा में रहने वाली एक नाबालिग छात्रा के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोपी इलाके में ही रहता है। जो पीड़िता को रास्ते में मिला ओर उसे घर छोड़ने की बात की। आरोपी ने सुपर कॉरिडोर के पास मेट्रो स्टेशन के पास ले जाकर पीड़िता के साथ रेप किया। इसके बाद उसे बड़ा गणपति चौराहे पर छोड़कर भाग गया। आरोपी ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रात में एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 9 वी कक्षा में पढ़ने वाली एक लड़की अपनी मां के साथ रविवार रात थाने आई थी। उसकी शिकायत पर आयुष के खिलाफ रेप और धमकाने के मामले में कार्रवाई की गई है। छात्रा ने बताया कि वह रात में अपनी सहेली के घर गई थी। वापस आ रही थी, तभी आयुष मिला और कहने लगा कि तुम्हें घर छोड़ देता हूं। परिचित होने के चलते उसके साथ बाइक पर बैठ गई।

बायपास पर हादसा

## निजी कॉलेज में कैंटीन संचालित करने वाले दंपती को ट्रक ने रौंदा

**दोनों की मौके पर मौत**





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खजराना क्षेत्र में एक दंपती की सड़क हादसे में मौत हो गई। दंपती एक निजी कॉलेज में कैंटीन संचालित करते हैं। दोनों सुबह कॉलेज के लिए निकले थे तभी बायपास पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक पुरुष के शरीर से होता हुआ गुजर गया। महिला को भी गंभीर चोट लगी। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने काफी दूर तक ट्रक का पीछा कर ड्राइवर को पकड़ा, ट्रक जब्त कर लिया गया है। टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक स्कीम-140 में रहने वाले अजय जैन (56) और अंजलि (50) की सोमवार सुबह 10.30 बजे सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना स्टार चौराहे से आगे बायपास पर हुई। परिजन ने बताया कि वे दोनों बायपास पर स्थित एक निजी कॉलेज में कैंटीन चलाते थे। सुबह कैंटीन जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी थी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक